कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर

पत्रांक–2940 / मी0क्षे0 / 33 / मीरजापुर, दिनांक,जनवरी, 29 – 2024

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

विषयः– जनपद–सोनभद्र रेनुकूट वन प्रभाग के अन्तर्गत नार्दन कोल फील्डस लि0 की ककरी परियोजना को कोयला खनन हेतु लीज पर हस्तान्तरित 185.84 हे0 आरक्षित वन भूमि के लीज नवीनीकरण के सम्बन्ध में (ऑन लाइन प्रस्ताव संख्या–FP/UP/MIN/29061/2017)

सन्दर्भः– 1–अनु सचिव,उत्तर प्रदेश शासन,पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ का पत्रांक–3106 / 81–2–2023–79 / 1991 दिनांक–15.01.2024
2– आपका पत्रांक–1771 / 11–सी FP/UP/MIN/29061/2017दिनांक–16.01.2024

महोदय,

विषयगत प्रकरण मे संदर्भित पत्रो का अवलोकन करने की कृपा करे । प्रश्नगत प्रकरण मे उ0प्र0,शासन के सन्दर्भित पत्र दिनांक–15.01.2024 द्वारा मांगी गयी वांछित सूचना / अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दियेय गये है। उक्त के अनुपालन में प्रभागीय वनाधिकारी रेनुकूट ने अपने कार्यालय के पत्र संख्या–2650 / रेनुकूट / 15–38 दिनांक 27.01.2024(**छाया प्रति संलग्न**) द्वारा वांछित सूचना / अभिलेख उल्लिखित निर्धारित टेबुलर फार्म मे निम्न प्रकार संस्तुति सहित इस कार्यालय को प्रेषित किया है।

क्र0 सं0	अनु सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ का पत्रांक–3106 / 81–2–2023–79 / 1991 दिनांक–15.01.2024 अंकित विवरण जिस पर सूचना / आख्या चाही गयी है।	अनुपालन आख्या
1	इस मुझे कहने का निर्देश हुआ है किउक्त दिनांक–31.07.2023 के साथ कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र,मीरजापुर के पत्र दिनांक–25.08.2022 में अंकित बिन्दु सं0–4 की अद्यतन स्थिति / आख्या एवं आपके पत्र संख्या––419 / 11–सी दिनांक–20.08.2015 की प्रति संलग्नकों सहित शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे परियोजना प्रस्ताव मे अग्रेतर कार्यवाही की जा सकें।	इस बिन्दु के अनुपालन मे आख्या / अद्यतन स्थिति निम्न प्रकार हैः– 1–कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर के पत्र दिनांक–25.08.2022 के बिन्दु संख्या–4 मे अंकित विवरण एवं बिन्दुवार आख्या को मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सं0–731 / 11–सी दिनांक–29.08.2022 द्वारा प्रमुख सचिव, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उ0प्र0 लखनऊ को सन्दर्भित किया गया जिसके कम मे उ0प्र0शासन स्तर से कोई निर्णय लिये जाने की जानकारी प्रभागीय कार्यालय एवं इस कार्यालय को प्राप्त नहीं है।

		2—कार्यालय मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या—419 / 11—सी दिनांक—20.08.2015 की प्रति संलग्नकों सहित संलग्न है।

अतः प्रभागीय वनाधिकारी रेनुकूट द्वारा प्रश्नगत बिन्दु की प्रेषित आख्या एतद्सह संलग्न कर आवश्यक अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नकः—उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(मनीष मित्तल)
मुख्य वन संरक्षक
मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर।

सख्या— 2940/अ/समदिनांक।

प्रतिलिपि— प्रभागीय वनाधिकारी रेनुकूट को उनके कार्यालय पत्रांक—2650 / ओबरा / 15—38 दिनांक 27.01.2024 के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(मनीष मित्तल)
मुख्य वन संरक्षक
मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर।